# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 23.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री


13 देश की भावी पीढ़ी के लिए योग साधना आत्म स्वरुप...





14 सबसे कम उम्र की प्रतिभागी कुमारी टहनी जैन पुरस्कृत






# बजट का अभाव बताकर निःशक्त बच्चों के लिए पांच सालों से बंद स्कूल को फिर संचालित करने की मांग

## भाठीगढ़ के भवन में स्कूल का किया जा रहा था संचालन, देखरेख के अभाव में हुआ जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र मे एक मात्र निःशक्त बच्चों के लिये स्कूल आरबीसी का संचालन तहसील मुख्यालय मैनपुर से तीन किमी दूर ग्राम भाठीगढ़ मे संचालित किया जा रहा था लेकिन बजट का अभाव बताकर पिछले 05–06 वर्षों से यहां संचालित एक मात्र निःशक्त बच्चों के स्कूल को बंद कर दिया गया है। जिसके चलते अधिकांश निःशक्त बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। वहीं उन्हे शासन से मिलने वाली योजनाओं का भी लाभ नहीं मिल पा रहा है, राजीव गांधी शिक्षा मिशन सर्व शिक्षा अभियान द्वारा भाठीगढ़ में आरबीसी सेंटर खोलकर विकासखंड भर के निःशक्त बच्चों को यहां रखकर पढ़ाई करवाई जा रही थी और उन्हे शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलाते हुए इन बच्चों का ईलाज भी कराया जा रहा था। जिससे क्षेत्र के निःशक्त बच्चों को काफी लाभ भी मिल रहा था और तो और यहां निःशक्त बच्चों का स्कूल लगभग 10 वर्षों तक लगातार संचालित भी हुआ यह पूर्व भाजपा सरकार की महत्वपूर्ण योजना में शामिल था लेकिन छत्तीसगढ में पांच वर्ष पूर्व कांग्रेस की सरकार आने पर इस निःशक्त स्कूल को बंद कर दिया गया और बजट के अभाव में स्कूल बंद हो गया एक बार फिर छत्तीसगढ में भाजपा की ▶▶|शेष पेज 13 पर



### प्रस्ताव बनाकर भेंजेंगे

सर्व शिक्षा अभियान के मैनपुर विकाखण्ड स्त्रोत समन्वयक एसके नागे ने बताया कि भाठीगढ़ मे संचालित हो रहे निःशक्त बच्चों के जो विशेष स्कूल संचालित किया जा रहा था वह सर्व शिक्षा अभियान द्वारा किया जा रहा था बजट के अभाव में इस स्कूल को पूर्व में बंद किया जा चुका है। उच्च अधिकारियों को फिर एक बार इस निःशक्त स्कूल के सबंध में प्रस्ताव बनाकर भेंजेंगे।



## खबर संक्षेप



### रोहित ने ली शपथ परिजन के छलके आंसू

**राजिम।** गांव के गरीब किसान का बेटा रोहित साहू पहली बार राजिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। उनके विधायक बनने के बाद हर वर्ग के लोग अपनी खुशियां जाहिर कर रहे है। मंगलवार को जब टीवी चैनलो में उन्हें विधानसभा पहुंचते हुए और शपथ लेते हुए देखा गया तो घर-परिवार में माता-पिता और उनकी धर्मपत्नी बच्चों सहित उनके चाहने वालो की आंखे खुशी से भर आई। ये दृश्य सुकुन प्रदान करने वाला रहा।

### निर्वाचन व्यय लेखा लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण 22 को

**गरियाबंद ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर निर्वाचन व्यय लेखा की अंतिम प्रस्तुति के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रखा गया है। जिसमें गरियाबंद जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ के समस्त अभ्यर्थियों के निर्वाचन अभिकर्ता की उपस्थिति अनिवार्य है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब बिक्री के मामले में खल्लारी पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बोधीराम कमार पिता दुकालूराम (26 साल) निवासी धरमपुर रोड किनारे तालाब के पास शराब बेच रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने 25000 एमएल महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

### एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत

**महासमुंद।** एक्सीडेंट होने से घायल युवक की तुमगांव अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अशोक आवड़े पिता जाहुस (30 साल) निवासी भोरिंग दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### शंकरपुर में जहर सेवन से युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम शंकरपुर के एक युवक की जहर सेवन से मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि गांव के कमलेश भोई पिता मणीराम (22 साल) ने जहर सेवन कर लिया था। जिसे शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बैल चराने गए युवक पर भालू का हमला

**पिथौरा।** बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत हरदी बीट के कक्ष क्रमांक 163 में आज 19 दिसंबर मंगलवार को दोपहर के समय भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। वहीं, घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र बार में प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित कुमार ठाकुर उम्र 35 वर्ष ग्राम हरदी खेत के पास आबादी क्षेत्र में बैल चरा था। उसी दौरान जंगल की ओर से आये भालू ने अचानक रोहित पर हमला कर दिया। भालू के हमले से रोहित का बायां पैर बुरी तरह जख्म हो खून से लथपथ हो गया और जमीन पर गिर गया। इस वह जोर-जोर से बचाव-बचाव चिल्लाने लगा।

## हादसा : कोड़ो हरदी मोड़ के पास हुई दोनों वाहनों में भिड़त

# अनियंत्रित ट्रक ने दंपति को रौंदा घटनास्थल पर ही पत्नी की मौत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अनियंत्रित ट्रक ने आज एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक में सवार दंपती में से पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत को गई। गंभीर रुपए से घायल पति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर चालक की तलाश आरंभ कर दी है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

■ गंभीर रुप से घायल पति का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

मिली जानकारी के अनुसार हाथ बाय चिखली निवासी सोरी दंपति अपनी बाइक से गरियाबंद की तरफ आ रहे थे। सफर के दौरान कोड़ो हरदी मोड़ के पास पहुँचे तभी सामने से रहे ट्रक ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। ट्रक को चालक लापरवाही व तेज रफ्तार से चला रहा था, जिससे वह नियंत्रित नहीं कर पाया। बाइक को टक्कर मारने के बाद वह मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक में सवार बुचूराम की पत्नी घोनी बाई सोरी उम्र 45 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों वाहनों की भिड़त में बाइक चला रहा पति बुचू राम सोरी गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायल बुचू को इलाज के लिए गरियाबंद के ज़िला अस्पताल में दाखिल करवाया। हादसे में मृत महिला के पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश में जुट गई। एएसआई टीकाराम धुव ने बताया कि उन्होंने शिकायत के आधार पर ट्रक के अज्ञात चालक पर मामला दर्ज कर उसकी खोज शुरू कर दी है। गरियाबंद में मंगलवार के एक महिला को कुचलने वाले एक ट्रक चालक पर सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है, वही महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की विवेचना



### रफ्तार पर नहीं लग रही लगाम

जिले में बड़े सहित छोटे वाहनों की रफ्तार में भी लगाम नहीं लग रही। तेज रफ्तार वाहनों को कई बार चालक नियंत्रित नहीं कर पाते, जिससे हादसे हो रहे हैं। हादसों में लोगों की जान जा रही है। कुछ दिन पहले राजिम में भी एक मोटरसाइकिल को ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जिससे पिता और दो बच्चियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए वहां पर स्पीड ब्रेकर जिला प्रशासन ने बनवाया । जिले में नेशनल हाईव होने के कारण भी वाहनों की रफ्तार अधिक ही रहती है, जिसमें लोगों की जान जा रही है।

# तेन्दुआ के खाल सहित एक आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र तौरेंगा बफर जोन ऐरिया से वन विभाग एंटी पोचिंग के टीम ने तेन्दुआ की खाल के साथ तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वन विभाग द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक रायपुर सुधीर अग्रवाल, उदंती–सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर के क्षेत्र संचालक एंव मुख्य वन संरक्षक एम मर्शीबेला तथा उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के कुशल मार्गदर्शन में 18 दिसम्बर को गुप्त सूचना मिला की वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर), सर्कल गाजीमुड़ा के अंतर्गत ग्राम कोचेंगा पेट्रोलिंग केम्प के नीचे कोचेंगा गाजीमुड़ा मार्ग के बीच में 01 नग तेन्दुआ खाल की खरीदी/बिक्री करने वाले हैं की सूचना मिलते ही एण्टी पोचिंग टीम उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंच कर एक व्यक्ति बुध्दू राम उम्र 47 वर्ष, ग्राम गाजीमुड़ा को 1 नग तेन्दुआ खाल के साथ पकड़ा गया एवं 02 साथी फरार हो गये। बुध्दू राम के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को विवेचना अधिकारी श्री गौरीशंकर भोई उप वनक्षेत्रपाल के द्वारा गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

इस कार्यवाही में एण्टी पोचिंग टीम उदंती–सीतानदी टायगर रिजर्व के गोपाल कश्यप, सहायक संचालक उदंती, मैनपुर नोडल अधिकारी, चंद्रबली ध्रुव, उपवन क्षेत्रपाल प्रभारी अधिकारी, ओमप्रकाश राव वनरक्षक, चुरामन धृतलहरे, वनरक्षक, फलेश्वर दिवान वनरक्षक, राकेश सिन्हा वनरक्षक, विरेन्द्र ध्रुव वनरक्षक एवं परिक्षेत्र तौरेंगा अंतर्गत राकेश सिंह परिहार, प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा, नितेश कुमार सारथी वनपाल, तुकेश्वर यदु वनपाल, खिलेश कुमार यादव वनरक्षक, सुरज कुमार पात्र उपस्थित थे।

## मिट्टी की उर्वरा शक्ति होगी कम, फसल के उत्पादन पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

# रोक के बाद भी खेतों में पराली जला रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजिम क्षेत्र के कोपरा पाण्डुका लोहरसी कोंदकेरा के अलावा दर्जनों गांव में प्रतिबंध के बावजूद किसान खेतों में धान की पराली जलाते देखे जा रहे हैं। खेतों में पराली जलाने से जहां वायू प्रदुषण बढ़ रहा है, वहीं भूमि की उपजाऊ क्षमता भी कम हो रही है। हालांकि प्रशासन ने पराली खेतों में नहीं जलाने को लेकर जागरूकता अभियान भी चला रहा है, इसके बावजूद भी पराली जलाने पर क्षेत्र में खेतों में पराली जलाने से किसान नहीं मान रहे हैं। प्रशासन ने पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए खेतों में धान की पराली जलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा रखा है।



धान की कटाई के बाद खेतों में रवि फसल में धान और गेहूं की बुआई आरंभ हो जाती है। किसान इन फसलों की बुआई करने के लिए धान की कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद पराली में आग लगा देते हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खेत में पराली जलाने से मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है। इससे भूमि की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। वहीं मिट्टी में मौजूद किसान मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं। इसका सीधा असर फसल के उत्पादन पर पड़ता है। किसान मित्र कीट नष्ट होने से फसलों में बिमारी का प्रकोप अधिक बढ़ जाता है। वहीं पराली के धुएं से पर्यावरण में प्रदूषण ▶▶|शेष पेज 13 पर

## पेयजल समस्या को लेकर लोगों में आक्रोश

**सुरसाबांधा।** ग्राम सुरसाबांधा में विगत डेढ़ वर्षों से पेयजल की समस्या से लोग परेशान हैं। नलजल योजना के तहत लोगों के घरों में नल कनेक्शन तो लगा है वहीं सड़कपारा में काली मंदिर के पास पानी टंकी का भी निर्माण हुआ है। लेकिन ये सब खानापूर्ती के लिये है। वार्ड क्रमांक 14 में आंगनबाड़ी के आगे तक पाईप लाईन तो बिछा दिये हैं लेकिन घरों में कनेक्शन भी नहीं दिया गया है। लोगों को पीने की पानी के लिये भटकना पड़ता है। दिनेश कुमार देशमुख ने बताया कि सड़कपारा, डाकपारा एवं बस स्टैण्ड से गांधी चौक पहुंच मार्ग में लोगों को पीने की पानी के लिये काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। सड़क चौड़ीकरण के चलते सड़कों की खुदाई होने से लोगों को पानी के लिये सड़क पार करने में भी परेशानी होता है। जल्द ही नलजल योजना को चालू नहीं किया गया तो लोगों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दिये है।

# कलेक्टर जन चौपाल में पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



संयुक्त जिला कार्यालय में आज जन चौपाल का आयोजन किया गया। कलेक्टर जनचौपाल में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। जनचौपाल में आये सभी नागरिकों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र आवेदकों के समस्याओं के निराकरण के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

■ कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

जनचौपाल में ग्राम पसौद के मुकुंद साहू ने सीसी रोड निर्माण हेतु, ग्राम परागांव की सपना ठाकुर ने पीएम आवास हेतु, ग्राम परसदाजोशी की सरस्वती स्वर्णिम महिला स्व सहायता समूह ने प्राथमिक शाला परसदाजोशी में मध्यान्ह भोजन संचालन करने, ग्राम खुर्शीपार के सरपंच ने शिक्षक व्यवस्था, ग्राम परतेवा की पुनियाबाई वर्मा ने धान बिक्री हेतु, ग्राम नागझर के समारू राम और रामजी साहू ने पशु शेड दिलाने, ग्राम सुरसबांधा ▶▶|शेष पेज 13 पर

## लोग ठंड से राहत पाने अलाव और सिगड़ी का ले रहे सहारा

# राजिम शीतलहर की चपेट में, पड़ रही कड़कड़ाती ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र इन दिनों कड़कड़ाती शीत लहर की चपेट में है। रात तो रात, दिन में भी अच्छी ठंड का एहसास यहां हो रहा है। रात में तो कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले चार दिनो से ये हालात है, लग रहा है कि ठंड इस बार पूरे जनवरी तक कहर बरपाकर रहेगा। वैसे सामान्यतः इस क्षेत्र में नवंबर-दिसंबर तथा जनवरी तक ठंड पड़ती है। 14 जनवरी मकर संक्रांति के बाद ठंड कम होने लगती है। इस बार जो ठंड पड़ रहा है वह असहनीय सा हो गया है लोग अलाव जलाने और सिगड़ी तापने के लिए अभी तीन दिनो से मजबूर हो गए है। शाम होते ही घरो में दुबकने लग जाते है। वॉक करने वाले अधिकांश लोगों की हिम्मत अब जवाब दे रही है क्योंकि शीत लहर जैसा आभास होने लगा है। ठंडी हवाओं की झोंके शाम से ही शुरू हो जाती है। पूरी रात तो ठंड रहती ही है बल्कि अलसुबह से कोहरा दिखाई पड़ता है और लगभग 10 बजे तक लोग ठंड का एहसास करते है। आज की तारीख में शीत लहर के चलते पूरा जनजीवन प्रभावित है। शाम होते ही सड़कें सूनी हो जाती है। लोग सुबह देर से उठते हैं। दिन में भी गर्म कपड़ों को लादने के लिए लोग मजबूर हो गए है।





### लोग सर्दी-जुकाम के हो रहे शिकार

नौकरी करने एवं पढ़ाई करने जाने वालों को ठंड के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर से छोटे-छोटे बच्चों को सुबह की स्कूल जाने के समय कांपते हुए देखा जा रहा है, पर क्या करें? स्कूल के टाईम-टेबल और पालकों के डर में बच्चे सुबह से तैयार हो जाते हैं और बस्ता लेकर निकल पड़ते हैं स्कूल के लिए। इधर अधिकतर लोगों को धूप में खड़े होकर गप्पे लड़ाते या बैठे देखा जा रहा है। लोग सुबह की ठंड में निकलते ही सर्दी-जुकाम के शिकार हो रहे हैं। इस कारण सेहत बनाने की बजाय सेहत की सुरक्षा पर ध्यान देना पड़ रहा है। शाम 6 बजे के बाद मार्केट में सन्नाटा छा रहा है। सुबह देर से दुकान खुल रही है। लोगों की दिनचर्या में ठंड काफी प्रभाव डाल रही है।

## डाककर्मियों की हड़ताल समाप्त

**महासमुंद।** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के बैनर तले चार सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे डाक कर्मियों की हड़ताल शनिवार को समाप्त हो गई। बताया जाता है कि विभाग द्वारा कडा रूख अख्तियार किये जाने के बाद हड़ताल समाप्त हुई है। बता दें कि जिले के जीडीएस, एबीपीएम और बीपीएम केन्द्रीय संघठन के आह्वान पर गत सोमवार से डाककर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे और स्थानीय डाक घर परिसर में प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीण डाककर्मियों की चार मांगें हैं, जिसमें 8 घंटे का काम पेंशन सहित सभी सरकारी लाभ मिले, कमलेश चंद्र कमेटी की सिफारिश की जाए, एसडीबीएस लाभ बढ़ाने और जोर जबरदस्ती से लक्ष्य पूरा करने का विरोध शामिल है।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शिविर में 14 मरीजों का नि:शुल्क उपचार

**महासमुंद**। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ व नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 14 मरीज का उपचार किया गया। साथ ही नि:शुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा के बीएमओ डॉ तारा अग्रवाल, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे आदि मौजूद रहे।





### तोरला में श्रीमद भागवत कथा आयोजित

**पटेवा**। ग्राम तोरला निवासी स्व. टीकाराम गजेंद्र, स्व पोनी बाई गजेंद्र एवं स्व राहुल गजेंद्र की स्मृति में पुत्र दुबेराम गजेंद्र, रेखा गजेंद्र द्वारा 14 से 22 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ किया जा रहा है। कथावाचक पं प्रमोद त्रिपाठी है। संगीतमयी कथा सुनने आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में शामिल हो रहे हैं। कथा में पं प्रमोद त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को हम जैसी शिक्षा बचपन में देते हैं, वैसे ही वे बन जाते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता ही होते हैं। कथा के पांचवे दिन दही लूट, शोभायात्रा निकाली गई।

**आयोजन : सारडीह एवं मुढ़ैना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा**

# हितग्राहियों को मिल रहा जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ, स्टॉल भी लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं

- मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत हितग्राहियों ने साझा किए अपने विचार
- योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभ के लिए भटकना न पड़े इसलिए संकल्प यात्रा - डॉ. चोपड़ा



को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर महासमुंद जिले में दूसरे दिन निरंतर जारी है। जिले के महासमुंद विकासखंड के ग्राम साराडीह एवं मुढ़ेना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम में आगमन होने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया था। जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को सामग्रियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के कोई भी पात्र हितग्राहियों को लाभ से वंचित न होना पड़े इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत सभी लोगों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए प्रशासन संकल्प यात्रा के साथ गांव-गांव पहुंचकर योजनाओं की जानकारी दे रही है। डॉ चोपड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना देने का कार्य की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कहा कि सभी बुनियादी आवश्कताओं की पूर्ति के लिए मोदी सरकार द्वारा पानी, शौचालय, सड़क स्वास्थ्य आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम सबको मोदी का सपना कि हर गरीब की उन्नति और प्रगति हो, प्रत्येक गांव का विकास हो के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील किया कि सभी योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल एवं पार्षद देवीचंद राठी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत साराडीह के सरपंच को टीबी मुक्त भारत के लिए निष्क्षय प्रमाण पत्र एवं डिजिटल इंडिया के लिए संतोष सोनी को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### 3 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित

साराडीह में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 03 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया तथा 20 नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। उज्जवला योजना के अंतर्गत 15 हितग्राही को घरेलू रसोई गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। जिसमें सुशीला साहू, जानकी रात्रे, रुचि साहू, डिगेश्वरी यादव, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत ज्योति विश्वकर्मा, खोमेश्वरी निर्मलकर, झरना साहू, आशा चेलक, अगेश्वरी शामिल है। पीएम किसान योजना अंतर्गत 05 किसानों को केसीसी कार्ड जारी किया गया। इसके अलावा आधार कार्ड पंजीयन, पीएम मुद्रा एवं सुरक्षा बीमा, जल जीवन मिशन आदि विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देकर पंजीयन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी भुनेश्वरी कुर्रे, सरस्वती जलक्षत्री, ईश्वर परमेश्वरी, तुकाराम ने अपने अनुभव भी साझा किया।

### नि:शुल्क उपचार के पश्चात सुरक्षित डिलीवरी भी

कार्यक्रम में ग्राम साराडीह की झरना साहू ने बताया कि उन्हें आयुष्मान कार्ड से एक लाख 50 हजार रुपए का नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि डिलीवरी के दौरान विषम परिस्थिति के कारण स्वास्थ्यगत समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस दौरान डॉक्टर ने बताया कि इलाज में लगभग डेढ़ लाख रुपए खर्च होंगे। ऐसे समय में आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला। नि:शुल्क उपचार के पश्चात सुरक्षित डिलीवरी भी हुई। आज मैं अपनी गुड़िया के साथ बेहद खुश हूं। इसी तरह उज्जवला योजना की हितग्राही सुशीला साहू ने बताया कि आज इस कैंप में मुझे उज्जवला गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ। जिसमें एक सिलेंडर, चूल्हा, पाईप आदि शामिल है। अब मुझे लकड़ी और धुएं से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्रम में मुन्ना साहू, ग्राम पंचायत साराडीह के सरपंच साजन यादव, प्रकाश साहू एवं अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू, तहसीलदार चंद्रशेखर मंडई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व हितग्राही गण

# शराब की अवैध बिक्री आरोपी पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया गया था। शुष्क दिवस में अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा आबकारी विभाग को आदेशित किया गया था। उक्त आदेश के पालन में गश्त मुखबिर से सूचना मिलने पर सांकरा के नायक ढाबा में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल आबकारी टीम आबकारी वृत्त सांकरा द्वारा दबिश दिए जाने पर अवैध रूप से अन्य प्रांत ओडिशा राज्य निर्मित विदेशी मदिरा मात्रा 3.640 लीटर एवं छग राज्य निर्मित विदेशी मदिरा मात्रा 0.750 लीटर कुल मात्रा 4.390 लीटर विदेशी मदिरा जब्त कर आरोपी महेंद्र कुमार नायक निवासी नायक ढाबा सांकरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) एवं 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सांकरा अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक विकास बढ़ेंद्र आबकारी मुख्य आरक्षक कुंज राम ध्रुव एवं आबकारी स्टाफ पिथौरा उपस्थित रहे।

### घासीदास लोक कला नर्तक दलों से आवेदन 22 तक

**महासमुंद**। लोक कला महोत्सव आयोजन के लिए जिले के अनुसूचित जाति वर्ग से गुरु घासीदास लोक कला नर्तक दलों से 22 दिसंबर 2023 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि गुरु घासीदास लोक कला महोत्सव नियम 2005 अंतर्गत जिला स्तर पर गुरु घासीदास लोक कला नर्तक दलों की प्रतियोगिता आयोजित कर जिला स्तर पर गठित निर्णायक मंडल के निर्णय/चयन उपरांत राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम दल एवं द्वितीय दल को प्रविष्टि के लिए भेजा जाएगा।

# न्याय योजना की चौथी किस्त किसानों के खाते में तत्काल जमा कराए राज्य सरकार: विनोद

## न्याय योजना की चौथी किस्त से किसानों को वंचित करने भाजपा रच रही षड़यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद किसानों को न्याय योजना की चौथी किस्त भाजपा द्वारा नहीं दिए जाने के मिल रहे संकेतों पर पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा शुरू से नहीं चाहती थी कि किसानों के खाते में न्याय योजना की राशि पहुंचे। इसलिए विपक्ष में रहते हुए भी केंद्र सरकार के जरिए किसान हितैषी इस योजना पर बार-बार रोड़ा अटकाने का काम किया। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के जरिए रोड़ा अटकाने वालों को अब इस योजना को बंद करने का अवसर मिल गया है। पिछले पांच सालों तक केंद्र की भाजपा सरकार की ओर से डाली गई सभी बाधाओं के बावजूद राज्य की कांग्रेस सरकार ने किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पूरी राशि सफलता पूर्वक दी। उन्होंने कहा कि भाजपा आदतन किसान विरोधी है इसीलिए किसानों को न्याय योजना की चौथी किस्त से वंचित कर रही है। चंद्राकर ने आरोप लगाया कि न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि का दूसरे मद में इस्तेमाल करने का षड्यंत्र भाजपा रच रही है। यह प्रदेश के 27 लाख से अधिक



किसानों के साथ अन्याय है। असल में भाजपा किसानों से की गई वादा को पूरा करने में असमर्थ साबित हो रही है इसीलिए अभी तक किसानों से 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ और 3100 रुपए क्विंटल की दर पर खरीदी करने का आदेश जारी नहीं किया गया है। अब न्याय योजना की चौथी किस्त की रखी हुई राशि को भी अन्य मद में खर्च कर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार करने में लगी है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का लगातार षड्यंत्र कर रही है। इनमें बिजली बिल हाफ योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, युवा मितान जैसे अनेक योजना सरकार द्वारा चलाई गई थी जिसे हर वर्ग को लाभ हुआ था। उन योजनाओं को बंद कर प्रदेश की जनता को एक बार और महंगाई, गरीबी, अराजकता और शोषण की ओर धकेलना चाहती है।

# आवास के नाम पर गरीबों को ठगने वालों को दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

हर गरीब का एक ही सपना, पास हमारे हो घर अपना देश के एक बहुत बड़े वर्ग जो कि आवासहीन था या कच्चे टूटे- फूटे मकान में रहा करता था उनकी जरूरत को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना बनाई, जिसके लिए देशभर के आवासहीन व कच्चे मकानों में निवासरत हितग्राहियों से योजना की पात्रता पाने के लिए आवेदन लिए गए। जिसके अनुसार पात्र हितग्राहियों को पक्का मकान बनाने के लिए निर्धारित सहयोग राशि उनके खाते में सीधे मकान बनने के क्रम से जमा की जाती है। जिससे हितग्राही बिना किसी परेशानी के अपना पक्का घर बना लेते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय



से शिकायतें मिल रही है कि आवास बनाने के नाम पर हितग्राहियों से 20 से 25 हजार रुपए जबरन मांग की जा रही हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष बागबाहरा (शहर) व खल्लारी विधानसभा समन्वय समिति संयोजक प्रेम साहू से हितग्राहियों ने मिलकर अपनी व्यथा सुनाई, जिस पर उन्होंने उनकी शिकायत सुनी और आश्वासन भी दिया कि आवास दिलाने या बनाने के नाम पर जो लोग हितग्राहियों से अवैध तरीके से पैसा लूट रहे हैं उन पर जांच कराकर अवश्य ही कार्रवाई की जाएगी। उक्त विषय में जानकारी साझा करते हुए मीडिया प्रभारी तुलसी यादव ने बताया कि मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू ने आवास के नाम से लूट मचाने वालों को सीधी चेतावनी जारी की है। गरीब जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें ठगना बंद करें अन्यथा चेतावनी के बाद भी ऐसा करने वालों पर जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा में दो छात्र सफल

**बागबाहरा**। राज्य पुरस्कार जांच परीक्षा राज्य प्रशिक्षण केंद्र झांकी विकासखंड अभनपुर सत्र 2023 में विकासखंड बागबाहरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखरीडबरी से पुष्पेंद्र साहू पिता यशवंत साहू, साहिल विश्वकर्मा पिता दहन लाल विश्वकर्मा सम्मिलित हुए। जिसमें से सफल हुए। स्काउट मास्टर व्यास नारायण बंजारे एवं प्राचार्य कोयल सिंह सबर के मार्गदर्शन में सफलता हासिल किए।

# राज्य स्तरीय सेमिनार में सरायपाली के शिक्षकों ने किया प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

समग्र शिक्षा, एससीईआरटी और रूम टू रीड के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा संगीत कला विश्वविद्यालय खैरागढ़ में राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बाल साहित्य रचनाकार एवं छत्तीसगढ़ के 16 स्थानीय भाषाओं की जानकारी रखने वाले शिक्षक एकत्रित हुए। इसमें छत्तीसगढ़ प्रांत के विभिन्न जिलों के शिक्षकों द्वारा लिखी एवं अनुवाद की गई किताबों की प्रदर्शनी लगाई गई। साहित्यकार शिक्षकों में जिला महासमुंद का प्रतिनिधित्व विकासखंड सरायपाली से प्रधान पाठक दुर्वादल दीप शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा, सहायक शिक्षक योगेश कुमार साहू शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल, सहायक शिक्षक रमेश तांडी शासकीय




प्राथमिक शाला छुईपाली शामिल हुए। विभिन्न जिलों से 51 शिक्षकों ने बाल कहानी लेखन एवं उनके स्थानीय भाषा में अनुवाद किया है। इस तरह से संपूर्ण छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधि के रूप में एक साथ उपस्थित होकर इस कार्य को मूर्त रूप दिए हैं।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य बाल साहित्य में दृश्य चित्रों का महत्व एवं बच्चों के सीखने में बाल साहित्य की भूमिका स्थापित करना है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति पद्मश्री डॉ मोक्षदा (ममता) चंद्राकर, प्रोफेसर नीता गहरवाल, प्रोफेसर राजन यादव, प्राची कालरा, समग्र शिक्षा एम सुधीश, ताराचंद जायसवाल, एनसीईआरटी डेकेश्वर वर्मा, यूएस आईडी शिखा जैन, रूम टू रीड से शक्ति व्रता सेन, प्रोईती राय, सुविधा मिस्त्री, बलाका डे, कपिल सिंह, भावना सिंह, दीपाली अग्रवाल, सीमा, प्रदीप, रणवीर, सामंत प्रधान, मुकेश, गौतम, कपिल वर्मा, योगेश, रवि मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विद्वान तथा विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग की बाल साहित्य से संबंधित आवश्यकताओं से जोड़कर छत्तीसगढ़ में शैक्षिक प्रादेशिक को समृद्ध करने के लिए स्थानीय प्रतिभाओं, संसाधनों, संस्कृतियों शिक्षकों नीति निर्माता, गैर सरकारी संगठन और कलाकारों के बीच सहयोग के अवसरों को बढ़ावा देना है। इस सेमिनार में भारत का साहित्यिक क्षेत्र कैसे विकसित और विस्तारित हो पर भी विशेष चर्चा की गई।

# परिक्षेत्र अध्यक्षों ने अघरिया धाम पैता के लिए जमा किए चार लाख रुपए की सहयोग राशि

**सरायपाली**। फुलझर अघरिया कन्या छात्रावास में अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र सरायपाली के कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल के नेतृत्व में रखी गई। जिसमें परिक्षेत्रीय अध्यक्षों, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संयोजक द्वारा 4 लाख रुपए अघरिया धाम निर्माण के लिए सहयोग राशि जमा किए।

बता दें कि ग्राम पैता में अघरिया समाज की ओर से भगवान कृष्ण के भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए अघरिया समाज द्वारा सभी परिक्षेत्र के अध्यक्षों व सeमाजिकजनों को मंदिर निर्माण के लिए इच्छा अनुसार सहयोग राशि देने अपील की गई थी, जिस पर सर्वप्रथम परिक्षेत्रीय अध्यक्षों की ओर से मंदिर निर्माण के लिए 19 दिसंबर को 12 परिक्षेत्र में से पांच परिक्षेत्र के अध्यक्षों द्वारा 51,111 रुपए प्रत्येक परिक्षेत्र से, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संयोजक के द्वारा भी सहयोग राशि जमा की गई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष खेमराज पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल, लव कुमार पटेल कोषाध्यक्ष, महेश राम पटेल केंद्रीय प्रतिनिधि, कामता प्रसाद पटेल अध्यक्ष पाटसेंद्री



परिक्षेत्र, बलिराम पटेल अध्यक्ष केदुंवा, रूपलाल नायक अध्यक्ष चट्टी गिरोला, शोभाराम पटेल अध्यक्ष परसदा, हृदय राम नायक अध्यक्ष चारभांठा, भोलानाथ नायक अध्यक्ष सरायपाली, शंकर लाल नायक अध्यक्ष बिरकोल, धनीराम पटेल अध्यक्ष सिरपुर, संतलाल चौधरी अध्यक्ष लिमगांव, गंगाधर पटेल अध्यक्ष पड़कीपाली, हेमसागर चौधरी अध्यक्ष बेलमुंडी, श्यामलाल पटेल अध्यक्ष बटकी, बिहारी लाल पटेल वरिष्ठ कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। मंदिर निर्माण के लिए दान करने वाले दानदाता परिक्षेत्र अध्यक्षों में कामता प्रसाद पटेल अध्यक्ष पाटसेंद्री परिक्षेत्र द्वारा 51,111 रुपए, इसी तरह बलिराम पटेल अध्यक्ष केदुवां परिक्षेत्र द्वारा 51,111 रुपए, रूपलाल नायक अध्यक्ष चट्टीगिरोला परिक्षेत्र के द्वारा 51,111 रुपए, हृदय राम नायक परिक्षेत्रीय अध्यक्ष चारभांटा द्वारा 51111 रुपए, भोलानाथ नायक परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सरायपाली द्वारा 51111रुपए, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल द्वारा (स्व गंगा मोती की स्मृति में) 51111रुपए एवं संयोजक डोलचंद पटेल के द्वारा 1,01000 रुपए शामिल है। इस तरह पांच परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, संयोजक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के द्वारा 4,07666 की सहयोग राशि अघरिया धाम पैता के लिए अध्यक्ष नेहरू लाल पटेल को प्रदान की गई।

# प्लास्टिक वस्तुओं के प्रचलन ने बांस के कारीगरों से छीना रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तेजी से बढ़ते प्लास्टिक वस्तुओं के प्रचलन ने जिले में बंसोड़ जनजाति बांस के सामने रोजगार की समस्या उत्पन्न कर रखी है। वहीं जिले में बांस की कमी ने इस जनजाति के लिए दोहरी मुसीबत साबित हो रही है। बांस के इन कारीगीरों को पड़ोसी जिले पर आश्रित रहना पड़ रहा है। अपने पारंपरिक पेशे को बचाए रखने के लिए इस जनजाति के लोग बांस प्राप्त करने के लिए कई किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं। 35-40 रूपए मिलने वाला बांस वहां पर 150-160 रूपए पड़ रहा है। वह बांस भी काम के लायक रहें, इसकी भी गारंटी नहीं है।

उल्लेखनीय है कि, बांस के बेहतरीन हस्तशिल्प के लिए बंसोड़ जनजाति की विशेष पहचान है। बांस से बनने वाली सूप, पेटी, टोपी, चबांसटाई, गिलास, थाली इनके बेहतरीन कारीगिरी देखी जा सकती है। बांस की कारोगिरी इस जनजाति की पारम्परिक व्यवसाय है। बांस की अनोखी कलाकारी जनजाति के लोगों को



विरासत में मिलती है। जनजाति के लोग इस कला में बचपन में खेल-खेल में महारत हासिल कर लेते हैं। बांस की इस कला ही इस जनजाति की जमापूंजी है। लेकिन, प्लास्टिक समान के बढ़ते प्रचलन ने बंसोड़ जनजाति के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न कर दी है। वहीं, राजीव गांधी बांस मिशन जिले में सफल नहीं हो सकी है। जिससे बंसोड़ जाति को सस्ते दर में बांस उपलब्ध कराने की सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते उन्हें आरंग, राजिम, पारागांव, समोदा से बांस लाना पड़ रहा है, जो ज्यादा कीमत होने के साथ ही सामान बनाने लायक निकल जाए, इसकी गारंटी नहीं रहती है।

### ठेकेदारी से बांस की कीमत तिगुनी

खैरा निवासी राकेश कंडरा, कृष्ण कुमार कंडरा ने बताया कि महासमुंद में पहले 30-40 रूपए में एक नग बांस मिल जाया करता था। वहीं, राजीव गांधी बांस मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को 1500 नग सलाना बांस उपलब्ध कराया जा रहा था। लेकिन, अब जिले में बांस का मिलना बिलकुल बंद हो चुका है। वहीं, ठेकेदारी के तहत मिलने वाले बांस की कीमत 150-170 रूपए प्रति नग पड़ जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### यादव समाज के पदाधिकारियों ने की विधायक द्वारिकाधीश से मुलाकात

**बागबाहरा।** कौड़िया देवरी परिक्षेत्र ठेठवार (यादव) समाज के पदाधिकारी पिथौरा स्थित निवास पहुंचकर यादव समाज के गौरव खल्लारी विधायक तथा पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। 37000 रिकार्ड मतों से विजय होने पर हर्ष जताया। दौरान यादव समाज की उपस्थिति पदाधिकारी व सामाजिक बंधुओं ने विधायक यादव के साथ सामाजिक चर्चा भी की। वहीं नवनिर्वाचित विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पूर्व की भांति ही पूरी निष्ठा के साथ क्षेत्र की सेवा करने की बात उपस्थित ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारियों से मुलाकात के दौरान कही। इस अवसर पर तुलाराम यादव (अध्यक्ष), माधोराम यादव , निरंजन यादव , रिखीराम यादव(उपाध्यक्ष), सोमकांत यादव(सचिव), घनश्याम यादव (कोषाध्यक्ष), दुलार यादव (प्रमुख सलाहकार), डिगेश यादव, जीतराम यादव, कुंद राम यादव, ओमप्रकाश यादव, केशव राम यादव, अक्षय यादव, लक्ष्मण यादव, टीका राम यादव, टिकेश्वर यादव, युगल यादव युगल किशोर यादव, मालिक राम यादव, मायाराम यादव, बलदाऊ यादव, हिच्छा यादव, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

### नवनिर्वाचित आदिवासी विधायकों का हुआ सम्मान समारोह

**महासमुंद।** छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ प्रदेश द्वारा 18 दिसंबर को रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल आडिटोरियम (साइंस कालेज) में नवनिर्वाचित आदिवासी विधायकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के 29 विधायक सम्मलित हुए। सभी विधायकों को पीला गमछा एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, रामविचार नेताम (प्रोटेम स्पीकर), कवासी लखमा पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक कोटा, केदार कश्यप, विक्रम उसेंडी, जनक ध्रुव, नीलकंठ टेकाम, आशाराम नेताम सहित सभी नवनिर्वाचित विधायक सम्मलित रहे। मुख्यमंत्री को शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें जनजातियों की आय सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किए जाने, पदोन्नति में आरक्षण पूर्व की तरह लागू करने तथा अनुसूचित क्षेत्रों में तृतीय एवम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती में स्थानीय व्यक्तियों को शत प्रतिशत प्राथमिकता देने जैसे मांग शामिल है।

## निधन

### फागराम सिन्हा

**छुईहा बेलर।** ग्राम छुईहा जमाही निवासी फागराम सिन्हा उम्र 59 का निधन मंगलवार को गृह ग्राम में हो गया। जिनका निज निवास से



शवयात्रा निकाली गई। उनकी अंतिम यात्रा में गांव के गणमान्य नागरिक जिला समाज अध्यक्षअवध सिन्हा, राजाराम, दूर्गा राम सिन्हा, रामजी सिन्हा, भागीरथी सिन्हा, सरपंच गजेश्वर सिन्हा, ओम सिन्हा, होरीलाल, चेतन, हुकुम,घनश्याम, बोधन देवांगन, परमेश्वर दिवान,कमल, नंदकिशोर, वेदराम, परदेशी शामिल हुए। वह किराना दुकान के संचालन एवं अध्यक्ष बुथ कांग्रेस जमाही का थे। वे पतकार भागीरथी सिन्हा के बडे भाई थे।

### जगतराम साहू

**नवापारा-राजिम।** ग्राम सोंठ निवासी 80 वर्षीय जगतराम साहू का मंगलवार को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सोंठ में किया गया। अंतिम संस्कार में परिजन एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे राधेलाल साहू के पिताजी एवं पत्रकार प्रवीण साहू के दादाजी थे।

# देश की भावी पीढ़ी के लिए योग साधना आत्म स्वरुप को अनुभव करने की सरल विद्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

देश की भावी पीढ़ी को स्वावलंबन, आत्मरक्षा, संस्कृति, समरसता की सीख देने हेतु महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम टेंगनाबासा में आयोजित की गई है। नशामुक्त राष्ट्र के संकल्पना के साथ युवाओं में देशभक्ति का जज्बा जागृत करने विशेष पहल की जा रही है। शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय के चयनित स्वयंसेवक जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य सीएच पटेल के निर्देशन पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर विनीत कुमार साहू राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को छात्र-छात्राओं तक पहुंचा रहे हैं। परियोजना कार्य में ग्राम वासियों को स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। वही बौद्धिक चर्चा के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों से जीवन उपयोगी नैतिक एवं व्यावहारिक शिक्षा अर्जित कर रहे हैं। उत्तम नागरिक के निर्माण में उत्तम स्वास्थ्य की अहम भूमिका होती है। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा आध्यात्मिक चेतना, मानसिक शांति एवं शारीरिक स्वास्थ्य हेतु योग की पद्धतियां सीखा रहे हैं। योगविद सिन्हा द्वारा पवन मुक्तासन अंतर्गत सूक्ष्म व्यायाम की बारीकियो के साथ वात, पित्त, कफ को संतुलित कर शरीर में जमे टॉक्सिंस को बाहर निकलना निकालना सीखा रहे हैं। मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार कराया गया। सिन्हा ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से निरोगी काया मिलती है। कब्ज, गैस, एसीडिटी के लिए नियमित उषा पान के साथ ताड़ासन, तिर्यक ताडासन, कटि चक्रासन का अभ्यास कराएं। मानसिक स्थिरता, एकाग्र चिंतन हेतु वृक्षासन, ध्रुव आसन, भागीरथ आसन, कुर्मासन, कोणासन, द्वि कोणासन, त्रि कोणासन कराया गया। मनोरंजक गीतों के साथ आसनों को सिखाते हुए उनके लाभ एवं सावधानियां समझाया गया। सिन्हा द्वारा स्काउटिंग के बीपी सिक्स की भी सीख दी गई।

## सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम टेंगनाबासा में हुआ




### रैली निकालकर किया गया जागरूक

योग शिक्षक पोखन ठाकुर द्वारा छत्तीसगढ़ी गीतों पर जुंबा, एरोबिक्स कराया गया। योग सत्र उपरांत शिवरार्थियों ने स्वच्छता, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण के नारों द्वारा रैली निकालकर ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विनीत कुमार साहू द्वारा शिवरार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। शिविर में प्रभारी प्राचार्य सी.एच. पटेल, प्रोफेसर डी.आर.साहू, डॉक्टर सी.एस.सिकरवार, सुश्री रागनी ठाकुर सहित महाविद्यालयीन स्टाफ शिविर की सफलता में योगदान दे रहे हैं। वरिष्ठ स्वयंसेवक खगेश, देवकी, चांदनी, रिंकी, संजना, यादकुमारी, दीपिका, गौकरण आदि विशेष शिविर का लाभ ले रहे हैं।

## प्रतियोगिता : एसडीएम राजिम ने मशाल एवं दीप प्रज्वलित कर किया शुंभारंभ

# तीन दिवसीय खेल स्पर्धा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

नगर में संचालित जुपिटर पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ 19 दिसंबर को राजिम एसडीएम धनंजय नेताम एवं तहसीलदार खोमन लाल ध्रुव फिंगेश्वर द्वारा विजेता मशाल एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों में भागीदारी करने के लिए चार हॉउस रेड,येलो,ब्लू एवं ग्रीन हॉउस में विभाजित किया गया है। हाउस ग्रुप के नेतृत्व में विजेता मशाल रैली निकाली गई,जो स्कूल से नगर पंचायत भवन एवं दलगंजन स्कूल होते हुये वापस जुपिटर स्कूल परिसर तक रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम धनंजय नेताम राजिम के द्वारा बच्चों को खेलो के महत्व के बारे में बताया उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल का महत्व है। पढ़ने से छात्र के व्यक्तत्वि का जहां विकास होता है वहीं पर खेलने से शारीरिक विकास होता है। शिक्षा अथवा ज्ञान जहां धन है वही पर स्वास्थ अच्छा होना भी एक धन है इसलिए कहा गया है कि हेल्थ इज वेल्थ। सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलना चाहिए। तहसीलदार खोमन लाल ध्रुव ने कहा कि अनुशासित होकर पढ़ना एवं खेल खेलना छात्र जीवन की पहचान है।आज यहां पर बच्चे काफी अनुशासित नजर आ रहे हैं। खेल प्रतियोगिता में प्रथम दिवस पर कक्षावार विभिन्न खेलो में 100 मी.रेस,कुर्सी रेस,मेढ़क रेस,बोरी रेस,चम्मच रेस,जलेबी रेस,ऊँची कूद,लंबी कूद,स्लो सायकल रेस,खो–खो, कबड्डी, रिले रेस, शतरंज, लंगड़ी दौड़, बस स्टॉप जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालक समिति की अध्यक्ष श्रीमती संगीता यदु एवं पूर्व अध्यक्ष श्रीमती उमा यदु स्कूल के संचालक,जितेंद्र साहू एवं बहुत से पालकों ने खेल का लुफ्त उठाते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया।






### विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** ज्ञान विज्ञान विद्या मंदिर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मुड़ागांव द्वारा विद्यालय के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिकासार बांध तथा भूतेश्वर धाम जिला गरियाबंद लेकर थे। जहां सिकासार बांध में बच्चों ने गार्डन में भ्रमण कर विद्युत उत्पादन करने वाले मशीनों के बारे में जानकारी लिया। तथा उनके बाद बच्चों ने वनभोज का आनंद लिया। वापसी में भूतेश्वर नाथ मंदिर का दर्शन करके सभी विद्यार्थियों सहित शिक्षक - शिक्षिकाओं ने आशीर्वाद लिया। सभी विद्यार्थियों ने अपने प्राचार्य को धन्यवाद ज्ञापित किया व सफल यात्रा का आनंद लिया।



# राजिम से लेकर गांव के खारों में बड़ी मात्रा में जलाया जा रहा पैरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

राजिम से लेकर समूचे क्षेत्र के तमाम गांव के एक बड़े रकबे में खेतों में इन दिनों धान के कटे पैरा में आग लगाई जा रही है।यह दृश्य पिछले दो दिनों से देखा जा रहा है। सोमवार को सरसरी तौर से दौरा करने पर राजिम, सिंधौरी, बरोंडा, श्यामनगर, सुरसाबांधा, कोपरा, सरकड़ा जैसे रोड किनारे के गांव के खार में तेज आग की लपटे देखी गई। कायदे से गौठान में पैरा को भेजा जाना चाहिए। मगर ऐसा लोग नहीं कर रहे हैं। शासन और प्रशासन द्वारा किसानों से किए जा रहे आग्रह को इस बेल्ट में नजर अंदाज किया जा रहा है। लोग आखिर पैरा को जला क्यों रहे हैं? यही समझ में नहीं आ रहा है। कई समाज सेवी, विद्वान पंडित और साधु-संत भी लगातार पैरा को न जलाने की बात कहते हैं पर मानता कोई नहीं। इस पैरा को गौ माता के लिए भिजवाने की बात कही जाती है। मगर किसान मानने को तैयार नहीं दिख रहे हैं और पैरा को लगातार खेतों में जला रहे हैं इससे साफ जाहिर हैं कि किसान रबी फसल की तैयारी करने में लग गए हैं। इसलिए खेतो की साफ-सफाई करने आग लगा रहे हैं। आग की लपटे काफी दूर से नजर आती हैं और एक के बाद एक खेतों में फैंलते चली जा रही हैं।

- शासन-प्रशासन के समझाइस का नहीं पड़ रहा असर

## एक दिन पहले 3 हजार महिलाएं सिर पर कलश रखकर निकलेगी


# नवापारा के राधाकृष्ण मंदिर में शिव कथा 23 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

नवापारा के श्री राधाकृष्ण मंदिर में शिव कथा का आयोजन 23 दिसंबर से 29 दिसंबर तक किया जाएगा। आयोजन में महाराष्ट्र अकोला के रहने वाले 10 साल के कृष्णा दुबे कथा सुनाएंगे। कथा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। ये आयोजन नगर के श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि महाराज जी 21 दिसंबर की शाम को नवापारा आ जाएंगे। यहां मेन रोड में मोहन निषाद के यहां स्वागत अभिनदंन के साथ ही पांव पखारा जाएगा। फिर महाराजजी को राधाकृष्ण मंदिर ले जाया जाएगा। 22 दिसंबर को नगर में 3 हजार महिलाओं की टोली द्वारा सिर पर रखकर कलश जलयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में 100 कांवरिए भी साथ चलेंगे। भोलेनाथ शंकर -मां पार्वती एवं हनुमान जी की झांकी भी रथ पर होगी। नंदी भी होगा और आगे-आगे राऊत नाचा के साथ दोपहर 2 बजे शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर से निकलकर गंज मार्ग होते हुए सुभाष चौक,सदर बाजार से वापस मंदिर पहुंचेगी। इस धर्ममय कार्यक्रम के लिए नगर के लोग काफी उत्साहित है। समिति अध्यक्ष धरम साहू ,नंदकिशोर राठी, ओमप्रकाश शर्मा, मोहन, सुमित पंजवानी, रूपेंद्र चन्द्राकर, नेमी साहू, हनुमान चालीसा समिति की अध्यक्षतारणी शर्मा ,आरती काबरा, भारती, डॉली, पिंकीं, ईशालक्ष्मी, मोहिनी, तुलसी,मुस्कान, रिया चंचल, तनिसा, भुवनेश्वरी, वासनी,पुष्पलता ,गीतांजलि, रेखा, गीता सहित सभी सदस्य हर दुकान और हर घरो में जाकर पीला चांवल से आमंत्रण दे रहे हैं। बताया गया है कि बालक कृष्णा ने नेपाल, झारखंड और महाराष्ट्र में भी शिव कथा कहीं है। नवापारा के बाद रायगढ़ और भानसोज में भी इनका कार्यक्रम आयोजित है। श्री काबरा ने शहर के समस्त धर्मप्रेमी,श्रद्धालुजनों और कथा श्रवण करने वालों से आग्रह किया है कि शिव कथा सुनने रोज दोपहर 2 बजे के पहले कथा स्थल राधाकृष्ण मंदिर अवश्य पहुंचे।

- महाराष्ट्र अकोला के रहने वाले 10 साल कृष्णा सुनाएंगे कथा



# अंचलों में आज भी गांव बनाई की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

कई वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपरा को आज भी ग्रामीण अंचलों में निभा रहे हैं। मालूम हो कि खरीब फसल के लुलाई और खलिहान तक फ़सल को आने के बाद अगहन माह के पूर्णिमा तक गांव बनाई का कार्यक्रम किया जाता है। 20 वर्ष पहले बिना गांव बनाई के किसान अपने धान की मिसाई नहीं करते थे। ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, धनेश राम ठाकुर, नोहर ठाकुर, भागवत कोमर्रा, सीता राम यादव, बिहारी यादव,फगनु राम ठाकुर आदि ने बताया कि पहले धान की लुआई करकें बियारा लाकर खरही रचते थे फिर गांव के सभी किसानों का फ़सल खलिहान आने के बाद गांव बनाई का कार्यक्रम होता था। गांव बनाने के बाद ही मिसाई का काम शुरू किया जाता था, छोटे किसान 20 से 25 दिनों में मिसाई करते थे और बड़े कृषक कों मिसाई करते दो माह लग जाते थे, क्योंकि उस समय ट्रेक्टर नहीं के बराबर थे और हार्वेस्टर और थ्रेसर मशीन इधर आया भी नहीं था। आज के मशीनरी युग में अब देख रहे हैं, किसी किसान के बियारा में खरही तो क्या एक बीड़ा धान भी नहीं है। अब तो हर किसान थ्रेसर और हार्वेस्टर से मिसाई कर मंडी ले जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज 20 दिसंबर को रसेला में गांव बनाई का कार्यक्रम किया जाएगा। इस दिन पुरी तरह काम काज बंद रहता है गांव के सभी देवी देवताओं की बैगा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। देवी देवताओं में इसी दिन बली भी दी जाती है,उस प्रसाद को समस्त ग्रामवासी शीतला मंदिर के आसपास या बियारा में लाकर पकाते हैं। इसे घर लाना वर्जित रहता है। ग्रामीण अंचलों में आज भी वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपरा को निभा रहे हैं। इसी तरह ग्राम मुढीपानी, रूवाड, मेडकीडबरी, दादरगाव नया, कनसिधी, मातरबाहर, हिराबतर सहित आसपास गांवों में गांव बनाई का कार्यक्रम हो गया है। आज रसेला और कुडेरादादर में यह कार्यक्रम संपन्न होगा।

# पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई, 100 मीटर दौड़ में ममता प्रथम

**महासमुंद।** फॉर्चून फाउंडेशन समाजसेवी संस्था एवं जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ महासमुंद के तत्वावधान में कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में मिनी स्टेडियम में दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, अध्यक्षता विपिन मोहंती, विशेष अतिथि गुरप्रीत कौर, संजू राजा ने दीप प्रज्वलित कर किया। नपाध्यक्ष महिलांग ने दिव्यांग एथलेटिक्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी को हिम्मत नहीं हारना है। हम सब आपके साथ हैं। आप अनुशासन के साथ खेलिए, कूदिए, पढ़िए लिखिए और आगे बढ़िए। दृष्टिबाधित सब जूनियर वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम ममता ध्रुव, द्वितीय ज्योति निषाद, 200 मीटर दौड़ में प्रथम ज्योति निषाद, द्वितीय ममता ध्रुव, बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में प्रथम त्रिलोक विश्वकर्मा, द्वितीय ईशान भोई, आकाश सांड रहे। जूनियर बालक वर्ग में 100 और 200 मीटर दौड़ में प्रथम सुखदेव केंवट, द्वितीय निखिल यादव रहे। गोला फेंक में प्रथम निखिल यादव, द्वितीय सुखदेव केंवट रहे।

## पेज 11 के शेष...

### बजट का अभाव ...

सरकार बनने पर लोगो में उम्मीद जगी है। **बच्चों को बनाना था आत्म निर्भर-** गरियाबंद जिला के पूर्व तत्कालीन कलेक्टर लगातार इस निःशक्त बच्चो के स्कूल का समय समय पर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे है और तत्कालिन कलेक्टर के प्रयास से कई निःशक्त बच्चों का ईलाज भी उस समय करवाया गया था। यहां निःशक्त बच्चों के लिये आरबीसी सेंटर संचालित करने का प्रमुख उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को स्कूल से प्रशिक्षित कर बच्चों को आत्म निर्भर बनाना था और बच्चों को इस केंद्र में रखकर पढ़ाई लिखाई के साथ कम्प्यूटर, ड्राईंग, खेलकूद, वादय यंत्र बजाना सहित और भी कई तरह के प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, सर्व शिक्षा अभियान द्वारा संचालित आरबीसी इस स्कूल में बच्चों के लिये भोजन के साथ रहने के लिये सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई गई थी लेकिन पिछले 05 से 06 वर्षो से अब एकमात्र निःशक्त स्कूल बंद हो जाने से विकासखंड क्षेत्र के सैकड़ो निःशक्त बच्चे जहां शिक्षा से वंचित हो रहे है वहीं अब उनके विकास के लिये शासन द्वारा जो अनेक योजनाएं संचालित किया जा रहा है इसका भी समुचित लाभ उन्हे नही मिल पा रहा है, क्षेत्र के लोगो ने गरियाबंद जिला के कलेक्टर आकाश छिकारा से मांग किया है कि इस एकमात्र निःशक्त बच्चो के स्कूल को प्रारंभ करवाकर इसका लाभ क्षेत्र के ऐसे बच्चो को दिलाई जाये।

**निःशक्त बच्चों की स्कूल बंद होते ही भवन का हाल हो गया बेहाल-** भाठीगढ में संचालित निःशक्त बच्चों का स्कूल बंद होने के बाद यहा जो भवन था वह उपयोगविहीन होने के कारण पुरी तरह जर्जर हो गया और देखरेख के अभाव में टुट गया लेकिन इस भवन के पीछे निःशक्त बच्चों के लिए लाखों रूपये खर्च कर जो नया भवन का निर्माण किया जा रहा था वह भी आधा अधुरा अभी तक पडा हुआ है, जबकि शासन को चाहिए कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के निःशक्त बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए विशेष इस आरबीसी सेंटर को फिर एक बार खोला जाये उस समय इस स्कूल के लिए जो शिक्षक की तैनाती की गई थी वह शिक्षक भी मैनपुर बीआरसीसी में पदस्थ है।

### रोक के बाद...

बढ़ता है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस संबंध में कृषि अधिकारी ने बताया कि खेतों में पराली नहीं जलाने के लिए विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। किसानों को पराली का प्रयोग चारे के रूप में करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### कलेक्टर जन चौपाल...

के लोगों ने वार्ड नंबर 3 में पानी टंकी के पास रंगमंच बनाने एवं अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद की नियुक्ति किए जाने के संबंध आवेदन प्रस्तुत दिये। इस कलेक्टर ने उनके आवेदनों को ध्यान से पढ़कर संबंधित विभाग के अधिकारियों आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन | पर्सनल लोन | होम लोन | कार लोन | मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र हितग्राहियों को दिलाएं योजनाओं का लाभ : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज समय - सीमा की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बताया कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से अधिकारी कर्मचारी जन - जन तक शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार - प्रसार और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का कार्य करें। इसके लिए पूर्व से उन गांवो में मुनादी का कार्य कराएं ताकि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में शामिल होकर ग्रामीणजन अपनी मांग एवं समस्याओं संबंधित जानकारी दे सके और उनको शिविर के माध्यम से ही लाभान्वित किया जा सके।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभागों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ती के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। किन्तु आदर्श आचार संहिता लगने के कारण भर्ती प्रक्रिया नहीं हो पायी थी। अब भर्ती प्रक्रिया की कार्यवाही शीघ्रपूर्ण करें। उन्होंने राजस्व

### लंबित राजस्व प्रकरणों को करें निराकृत

अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दो वर्षो से अधिक के लंबित राजस्व प्रकरणों को तत्काल निराकृत करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के

अधिकारियों को कहा कि जिले के नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं तुरंत मिले इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा मे दवाइयों का भण्डारण करने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये।

इसके अलावा संबंधित अधिकारी - कर्मचारी अपने - अपने विभागों को स्टाल लगाकर केन्द्र सरकार की मुख्यतः 17 योजनाओं की जानकारी देने और लोगों को इन योजनाओं से लाभान्वित करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना, जन धन योजना, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही टीबी स्क्रीनिंग, सिकल सेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन जैसी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में निर्धारित रूट के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अब तक 7 शिविर का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कार्यक्रम में योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करने पर उन्हें पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### गांधी जी के तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है कांग्रेस का डोनेट फॉर देश अभियान

**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता संजय नेताम ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की



ऑनलाइन क्राउडफंडिंग पहल को लेकर कार्यकर्ताओं, समर्थकों व शुभचिंतको से आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के 138 वें स्थापना दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक दान करें तथा कांग्रेस के समृद्धिशाली इतिहास को आगे बढ़ाने में अपना सूक्ष्म सहयोग करें। उन्होंने इस अभियान को आजादी के दौरान गांधी जी के तिलक स्वराज फंड अभियान से प्रेरित बताया व कहा कि 138 वें स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

### गांजर में रामायण कार्यक्रम आज

**नर्रा।** ग्राम गांजर (बागबाहरा) में 20 दिसंबर बुधवार को संध्या 7 बजे से रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें जय गुरुदेव मानस परिवार कुड़ेरादादर (जिला गरियाबंद) के कथावाचक कामता प्रसाद महाराज अपनी प्रस्तुति देंगे।

### राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सम्मिलित होने प्रदेश दल भुवनेश्वर रवाना

**महासमुंद।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 22 दिसम्बर से 26 दिसंबर 2023 तक भुवनेश्वर ओडिशा में आयोजित व्हालीबाल 14 वर्ष बालक/बालिका, रग्बी फुटबाल 14वर्ष बालक/बालिका में छग प्रदेश दल की टीम दल प्रबंधक पुष्पेंद्र बरमाल, सहायक दज प्रबंधक बृजभूषण ठाकुर, कोच/मैनेजर सुनील भोई, परमानंद साहू, अवधेश, संजीव साहू, तृषा शर्मा, मो. शाहिबा, लोकेश्वर राव, रूखमणी यादव के नेतृत्व में सम्मिलित होगी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल ने सफलता की शुभेच्छा के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## अनदेखी : सर्व सुविधायुक्त विश्राम गृह नहीं होने से अफसरों को करना पड़ता है परेशानियों का सामना

# लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह काफी पुराना होने के चलते दीवारें हो रही हैं जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सर्व सुविधा युक्त विश्राम गृह नहीं होने से जनप्रतिनिधियों और बड़े अफसरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैनपुर में एक मात्र लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह वर्षों पुराना होने के कारण इसके दीवार जर्जर हो चुका है हर वर्ष इन दीवारों में मरम्मत कर कार्य जैसे - तैसे चलाया जा रहा है और एक मात्र कमरा होने के कारण यदि कोई बड़े जनप्रतिनिधि विधायक, सांसद, मंत्री या आला अफसर रूकना भी चाहे तो कमरों की कमी के कारण उन्हे जिला मुख्यालय गरियाबंद जाना पड़ता है।

जबकि लोक निर्माण विभाग के पास पर्याप्त जमीन है यदि पुरानी विश्राम गृह के बगल में आलीसान सर्किट हाउस का निर्माण कर दिया जाये तो इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगी और लंबे समय से मैनपुर में सर्व सुविधायुक्त सर्किट हाउस की मांग को लेकर कांग्रेस व भाजपा सहित सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा मांग किया जा चुका है लेकिन महत्वपूर्ण इस मांग की तरफ ध्यान नहीं देना समझ से परे है, तहसील मुख्यालय मैनपुर में सर्व सुविधा युक्त सर्किट हाउस की मांग लम्बे समय से किया जा रहा है अनुविभाग मुख्यालय के लिहाज से मैनपुर में विश्राम गृह नहीं होने के कारण विभिन्न राजनितिक व संगठनों के कार्यक्रम आयोजित करने में बेहद परेशानी होती है। नगर में लोक निर्माण विभाग का एक विश्राम गृह है लेकिन वह काफी पुरान होने के कारण विश्राम गृह के दिवारे और छत कमजोर हो रही है। हर साल मरम्मत कर कार्य किया जा रहा है। विश्राम गृह में सुविधाजनक कमरों व फर्नीचर की कमी है। यहां सभी राजनितिक पार्टीयों के बैठक व नेताओं का कार्यक्रम समय- समय पर आयोजित किये जाते हैं। लेकिन पर्याप्त फर्नीचर व कमरों के कमी के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर के लोगों ने पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन सौंपकर मैनपुर में सुविधा जनक विश्राम गृह की मांग कर चुके है, लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जब भी नगर में कोई भी केबिनेट मंत्री से लेकर विधायक व विभिन्न राजनितिक पाटीयों के नेताओं व जनप्रतिनिधियों का मैनपुर दौरा होता है तो इस एक मात्र लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में ही पहुंचते है और हर बड़े कार्यक्रम में बड़े नेताओं व अधिकारियों के बैठक भी यहीं आयोजित होते है। कई बार नये विश्राम गृह की मांग किया जा चुका है लेकिन इस ओर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।



### विश्राम गृह के कर्मचारियों के आवास भी जर्जर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा विश्राम गृह में कार्य करने वाले कर्मचारियों के आवास भी बेहद जर्जर हो गये हैं। कर्मचारियों के आवास बारिश दिनों में जगह - जगह से छत खराब होने के कारण पानी टपकता है। और यहां कोई सुविधाएं नहीं होने के कारण कर्मचाारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां कार्य करने वाले कर्मचारी जान जोखिम में डालकर निवास करने मजबूर हो रहे है।




### वन विभाग के पास भी नहीं है विश्राम गृह

कहने को तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में वन विभाग का भी एक विश्राम गृह है लेकिन वह भी काफी पुराना और जर्जर हो गया है यहां भी एक कमरे है साथ ही रसोई व अन्य मूलभूत सुविधा नहीं होने से मैनपुर नगर में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र लगे होने के कारण यहां भारी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, पर्यटकों को सुविधा के लिहाज से भी मैनपुर में वन विभाग को भी एक विश्राम गृह का निर्माण करवाना चाहिए।

### प्रस्ताव भेजा गया

राशि स्वीकृत होने पर निर्माण किया जायेगा लोक निर्माण विभाग के सब इंजीनियर संजय यादव ने बताया कि मैनपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा सर्व सुविधा युक्त विश्राम निर्माण के लिए पूर्व में प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। यहां विश्राम गृह के कर्मचारियों के लिए भी आवास निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। राशि स्वीकृत होने पर विश्राम गृह का निर्माण किया जायेगा।

**-संजय यादव,** सब इंजीनियर
लोक निर्माण विभाग मैनपुर

### 6 एकड़ खड़ी धान फसल जलकर हुई राख लाखों का नुकसान

**बसना।** ग्राम गुढ़ियारी और बरिहापाली में 6 किसानों के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से लगभग 6.03 एकड़ में खड़ी धान की फसल राख हो गई। मौके पर पहुंचे डायल-112, दमकल कर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग आग पर काबू पाया गया। बसना थाना अंतर्गत हुई इस घटना में किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। इन दिनों बसना विकासखंड के सभी गांवों में हार्वेस्टर से धान कटाई का काम जोरों से चल रहा। इसी बीच रबी फसल लगाने के लिए खेतों की तैयारी में लगे हुए है, जो शासन-प्रशासन की मनाही के बावजूद खेतों में पड़े पराली को जलाने का काम किसानों द्वारा किया जा रहा है। इसी बीच बसना के ग्राम गुढ़ियारी और बरिहापाली के मंडलखार में दोपहर लगभग 1 बजे एक व्यक्ति द्वारा फोन पर सूचना दी कि मंडलखार के खड़ी धान फसल के खेतों में आग लग लग गई है। जाकर देखा तो किसान खगेश्वर प्रसाद नायक पिता संतुराम नायक के ग्राम गुढ़ियारी के खसरा नंबर 737/1 रकबा 1.27 एकड़, यादव लाल नायक पिता गोपाल प्रसाद नायक ग्राम गुढ़ियारी के खसरा नंबर 737/2 रकबा 1 एकड़, सफेद पटेल पिता निरंजन ग्राम गुढ़ियारी के खसरा नंबर 740 रकबा 1.47 एकड़ और हरिराम नायक पिता विपतराम ग्राम गुढ़ियारी के खसरा नंबर 742 रकबा 0.87 डिसमिल, इसके अलावा रामबाबू पिता शंकर ग्राम बरिहापाली के खसरा नंबर 19 रकबा 1 एकड़ और विजयसिंह पिता जयसिंह ग्राम बरिहापाली के खसरा नंबर 23 रकबा 40 डिसमिल के खेत में आग लगने से खेत में खड़ी धान फसल जल रही थी। भीषण आग को देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।

# जनप्रतिनिधि और समाज के लोग पहुंचे विधायक निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

रोहित साहू के विधायक बनने पर राजिम शहर सहित समूचे अंचल में बहुत ही प्रसन्नता का वातावरण देखा जा रहा है। रोज पूरे क्षेत्र भर से लोग स्वागत करने माला और बुके लेकर राजिम स्थित विधायक निवास पहुंच रहे हैं। स्वागत करने वालों में स्थानीय जनप्रतिनिधियो के अलावा विभिन्न समाज के लोग शामिल है। इसी क्रम में नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी के साथ अनेको





महिलाएं और वार्डवासी विधायक रोहित साहू के निवास पहुंचकर उन्हें ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए फुल माला पहनाकर बुके भेंट कर स्वागत किया। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अनिता यादव, केसरी तंबोली, ममता यादव, लक्ष्मी, कुमारी साहू, झाड़ू राम साहू, ईश्वर साहू, मनीषा साहू, शांति साहू, रामजीवन, लक्ष्मण, लिकेश्वर, चंदू, भागवत, रतनु, शिव कुमार, कमलेश, वेदराम, पुरन यादव के अलावा ,धीवर समाज परगना अध्यक्ष रामूराम तारक, झाड़ू तारक, मेवाराम धीवर, राजेश धीवर, शत्रुघ्न धीवर ,कपिल, लखन तारक ,वसुदेव तारक, शिव तारक, वाल्मीकी धीवर, सत्तु धीवर तथा गुप्ता समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता , राजिम अध्यक्ष रामानुज गुप्ता, राम गोपाल , मुकेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता , सुनील गुप्ता, शंकर गुप्ता,आलोक गुप्ता ,नवीन रामगोपाल गुप्ता ,अमित गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता ,अनुराग गुप्ता शामिल है।

### ग्राम पंचायत टीला,चम्पारण छटेरा ,बनचरौदा से हुआ शुभारंभ

# भारत संकल्प यात्रा में सांसद और विधायक हुए शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ ग्राम पंचायत टीला,चम्पारण ,छटेरा ,बनचरौदा से हुआ। इस यात्रा में संदेश वाहन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारण्टी के रिकार्ड को चलचित्र के माध्यम से भारत सरकार की विविध योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस यात्रा कार्यक्रम में सांसद सुनील सोनी व विधायक इन्द्रकुमार साहू शामिल थे। सांसद श्री सोनी ने इस अवसर पर भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों को दोहराते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, भाजपा नेता टीकम चन्द साहू, मंडल अध्यक्ष नारायण यादव,जनपद सदस्य किशोर साहू,रिंकू चन्द्राकर,धनेन्द्र चन्द्राकर ,श्वेता चन्द्राकर,कृष्ण साहू, रघुनंदन साहू,शोभाराम साहू,रिखी निषाद,दुष्यंत साहू,दिलीप यदु,लता साहू,किरण गिलहरे शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर बीसी साहू,एसडीएम जगन्नाथ वर्मा,डा अतुल विश्वकर्मा,डीडीए आर एल कश्यप,तहसीलदार ,नायब तहसीलदार वसुमित्र दीवान मौजूद थे।



# सबसे कम उम्र की प्रतिभागी कुमारी टहनी जैन पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा राजिम

एक पाती गुरुवर के नाम से अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता का आयोजन संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ था। जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से सैकड़ो पत्र ईमेल व डाक द्वारा भेजे गए थे। जानकारी के मुताबिक श्री दिगंबर जैन सभा नेहरू नगर भिलाई के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने गुरु के प्रति समर्पण, आस्था को दर्शाते हुए पत्रों के माध्यम से गुरुदेव के चरणों में अपनी भावनाओं को प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र व अन्य कुछ स्थानों से प्रकट किया। कार्यक्रम के संयोजक जैन युवा संघ के क्षितिज जैन, अनेकांत जैन व सचिन जैन ने बताया कि सभी पत्र अत्यंत ही मार्मिक व भावनाओं से भरपूर रहा जिसमें प्रथम पुरस्कार विजयलक्ष्मी जैन जबलपुर , द्वितीय पुरस्कार नेहा जैन बेंगलुरु व तृतीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ के मीता जैन भिलाई व सबसे छोटी प्रतिभागी कुमारी टहनी जैन को प्राप्त हुआ।

टहनी ने अपने पत्र में गुरु जी को आभार प्रकट करते हुए यह कहा कि उन्होंने अपना पूरा मन एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए बना लिया था परंतु गुरुदेव के आशीर्वाद अनुसार उन्होंने साधुओं की सेवा व जन सामान्य की आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा करने का सपना संजोकर पूर्णायु जबलपुर में डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेहरू नगर भिलाई में विराजमान आर्यिका श्री सौभाग्यमती माताजी ससंघ के सानिध्य में इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए व माताजी ने सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष डॉ आर के दोषी, जितेंद्र जैन, अशोक जैन, संदीप जैन, अजित जैन, आनन्द जैन, गौरव जैन, सुनीता दोषी, वन्दना जैन ने प्रतिभागियों व संयोजकों का अभिवादन किया।

## विधायक रोहित का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू के चुनाव जीतने के पश्चात नगर आगमन पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया, नगर के व्यापारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक उमेश कंसारी ने राजिम फिंगेश्वर मार्ग में उनका भव्य स्वागत किया और उनका श्री फल देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराज धुरवा, राजू साहू, लोकनाथ साहू ,लिलेश पारख, विकास लोटिया, नवीन देवांगन, दीपक कामदार सहित आसपास के व्यापारी उपस्थित थे। वहीं विधायक ने सभी को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।



# तुषार कदम उज्जैन में हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

श्री विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के ज्योतिष विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष अधिवेशन में देश-विदेश से लगभग 200 ज्योतिष देवज्ञों एवं विशेषज्ञ शामिल हुए जिसमें राजिम नगर के युवा तुषार कदम को शक्तिपात विद्या विषय में डॉ आशुतोष पांडे के सानिध्य में सम्मानित किया गया। तुषार को यह सम्मान अवंतिका पीठाधीश्वर युवराज स्वामी एवं विक्रम विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा के द्वारा दिया गया। इस सम्मान के लिए तुषार को उनके शुभचिंतक,मित्र ,विहिप, बजरंगदल ने बधाई दी।

